कार्यालय पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-17.08.2024

विषयः-थाना बड़ागांव पुलिस ने मोबाइल व सोने की चेन चोरी करने वाले अभियुक्त महफूज को किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोबाइल बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन व अपर पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा के कुशल नेतृत्व में दिनांक 16.08.2024 को थाना बड़ागांव पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कुसमुरा के पास से ग्राम रामनगर में रात्रि के समय एक मकान में घुसकर अज्ञात चोरो द्वारा चोरी करने के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0स0 292/2024 धारा 304/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त महफूज पुत्र सिराजुद्दीन, नि0 ग्राम कुड़ी, थाना बड़ागांव, जनपद वाराणसी उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की 01 अदद मोबाइल फोन व चोरी किये गये सोने की चेन की बिक्री के 780/ रूपये बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ के दौरान अभियुक्त उपरोक्त ने बताया कि साहब मै अपने दोस्तो के साथ मिलकर दिनांक 26.07.2024 को समय करीब दो से तीन बजे रात्रि में योजना बनाकर बड़ागांव पांचोशिवाला रोड के किनारे ग्राम रामनगर में एक घर में घुसकर मोबाइल व सोने की चेन चोरी किया गया था। मेरे पास केवल मोबाइल है, मेरे पास 780/- रूपये जो बरामद हुआ है वह चोरी किये गये चेन के बिक्री के पैसे थे।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

महफूज पुत्र सिराजुद्दीन, नि0 ग्राम कुड़ी, थाना बड़ागांव, जनपद वाराणसी, उम्र करीब 25 वर्ष।

पंजीकृत अभियोगः-

मु0अ0स0 292/2024 धारा 304/317(2) बीएनएस, थाना बड़ागांवं कमिश्नरेट वाराणसी।

अपराधिक इतिहास

मु0अ0स0 228/2024 धारा 427/506 भादवि थाना बड़ागांव वाराणसी।

मु0अ0स0 295/2024 धारा 115(2),305,351(2),351(3),62 बीएनएस थाना बड़ागांव वाराणसी।

बरामदगी का विवरण–

01 अदद मोबाइल फोन (सैमसंग एम 31 व आइएमइआइ नंबर 355604114737950 व 355605114737957)

कुल 780/- रूपया नगद बरामद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

उ0नि0 अमित कुमार पाण्डेय, थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।

उ0नि0 मयंक सिंह, थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।

उ0नि0 पंकज सिंह चौहान, थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।,

उ0नि0 जगदम्बा प्रसाद यादव, थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।

उ0नि0प्र0 प्रेम कुमार, थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।

हे0का0 राकेश चौधरी, थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।

हे0का0 विनोद सरोज, थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, गोमती ज़ोन
कमिश्नरेट वाराणसी।